भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1567

उत्तर देने की तारीख: 09.12.2025

अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत आवंटित निधि

1567. श्री बी. के पार्थसारथीः
श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) के अन्तर्गत राज्य-वार और जिला-वार सभी वर्गीकृत उप-घटकों के तहत स्वीकृत, कार्यान्वित और वर्तमान में सक्रिय परियोजनाओं की संख्या का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक घटक के अंतर्गत सेवा प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या का आन्ध्र प्रदेश में राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान एवीवाईएवाई के अंतर्गत आबंटित, जारी की गई और उपयोग की गई कुल निधि का आन्ध्र प्रदेश सहित राज्य-वार, जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) आन्ध्र प्रदेश में एवीवाईएवाई के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक गृहों, चल चिकित्सा देखभाल इकाइयों, केयरटेकर प्रशिक्षण और सहायक उपकरण शिविरों को चलाने वाली संस्थाओं अथवा गैर-सरकारी संगठनों की सूची संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) विशेषकर ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों और हितधारकों के बीच एवीवाईएवाई और इसके विभिन्न घटकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या एवीवाईएवाई के अंतर्गत सेवाओं की सुपुर्दगी और गुणवत्ता की निगरानी करने के लिए सामाजिक संपरीक्षा, औचक निरीक्षण और तृतीय-पक्ष मूल्यांकन जैसे तंत्रों को संस्थागत रूप दिया गया है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री बी.एल. वर्मा)

(क) और (ख): सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय वरिष्ठ नागरिक को सहायता और सुरक्षा देने के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) नाम की एक योजना चलाता है। इस योजना के सात भाग हैं:-

i. एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम (आईपीएसआरसी) - गैर-सरकारी/स्वैच्छिक संगठनों को वरिष्ठ नागरिक गृह (वृद्धाश्रम), सतत देखभाल गृह आदि चलाने और रखरखाव के लिए सहायता अनुदान दी जाती है। गरीब वरिष्ठ नागरिक को रहने की जगह, पोषण, चिकित्सा सुविधा और मनोरंजन जैसी सुविधाएं मुफ्त में दी जाती हैं। आंध्र प्रदेश में इस घटक के तहत परियोजनाओं की संख्या की जिलेवार जानकारी **संलग्नक-I** में दी गई है।

ii. वरिष्ठ नागरिक राज्य कार्य योजना (एसएपीएसआरसी) - वरिष्ठ नागरिक राज्य कार्य योजना (एसएपीएसआरसी) के तहत, राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए राज्य कार्य योजना लागू करती है। जागरूकता पैदा करने, संवेदनशील बनाने, मोतियाबिंद की सर्जरी और राज्य-विशिष्ट कार्यकलाप जैसी गतिविधियों के लिए राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों को अनुदान सहायता प्रदान की जाती है।

iii. एल्डरलाइन - वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों को दूर करने तथा केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए टोल फ्री नंबर 14567 पर नेशनल हेल्पलाइन अर्थात् 'एल्डरलाइन' 01.10.2021 को शुरू की गई थी। एल्डरलाइन आंध्र प्रदेश राज्य में 1/10/2021 से 15/12/2023 तक चालू थी। इस दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में एल्डरलाइन के तहत मिली कॉल्स का विवरण इस प्रकार है:

राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र	प्राप्त कुल कॉल	कुल पंजीकृत कार्रवाई योग्य मामले	समाधान किए गए कुल मामले	कुल फील्ड हस्तक्षेप/ चलाए गए बचाव अभियान
आंध्र प्रदेश	32,509	10,317	7,573	184

आंध्र प्रदेश राज्य में 16.12.2023 से एल्डरलाइन चालू नहीं है, क्योंकि आंध्र प्रदेश राज्य ने त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

iv. राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) - सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई)' के योजना घटक को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य उन वरिष्ठ नागरिकों को, जिनकी मासिक आय 15000/- रुपये से अधिक नहीं है और जो आयु से संबंधित दिव्यांगता/अशक्तता से पीड़ित हैं, ऐसे शारीरिक सहायक उपकरण और जीवन सहायक यंत्र देना है जो उनके शारीरिक कार्यों में लगभग सामान्य स्थिति ला सकें। यह योजना 01.04.2017 को शुरू

की गई थी। पिछले तीन वर्षों में आंध्र प्रदेश राज्य में इस घटक के तहत बांटे गए यंत्र और लाभार्थियों की संख्या का विवरण इस प्रकार है:

राज्य का नाम	वित्तीय वर्ष 2022-23		वित्तीय वर्ष 2023-24		वित्तीय वर्ष 2024-25	
	लाभार्थियों की संख्या	वितरित उपकरणों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या	वितरित उपकरणों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या	वितरित उपकरणों की संख्या
आंध्र प्रदेश	667	6577	243	495	1437	5063

v. सीनियर केयर एजिंग ग्रोथ इंजन (सेज) - सेज योजना का उद्देश्य आम समस्याओं के लिए लीक से हटकर और नवाचार समाधानों को बढ़ावा देना है। इस योजना के घटक के तहत, नवाचार स्टार्ट-अप्स की पहचान की जाती है और उन्हें वृद्धजनों के कल्याण के लिए सामग्री, प्रक्रियाएं और सेवाएं तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। स्टार्ट-अप का चयन एक पारदर्शी प्रक्रिया से किया जाता है और निधि इक्विटी के रूप में ही दी जाती हैं, बशर्ते सरकारी निवेश संस्था की कुल इक्विटी के 49% से अधिक न हो। अब तक इस घटक के तहत नौ स्टार्ट-अप को को सहायता दी गई है। इन नौ स्टार्ट-अप में से आंध्र प्रदेश राज्य में किसी भी स्टार्ट-अप को सहायता नहीं दी गई है।

vi. वृद्धजनों की देखभाल करने वालों को प्रशिक्षण - इस योजना का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों की देखभाल करने वालों के क्षेत्र में आपूर्ति और बढ़ती मांग के बीच के अंतर को कम करना है, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को अधिक पेशागत सेवाएं मिल सकें और जराचिकित्सा के क्षेत्र में पेशागत देखभाल प्रदाताओं का एक संवर्ग बनाया जा सके। पिछले तीन वर्षों में इस घटक के तहत प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या इस प्रकार है:

2022-23	2023-24	2024-25
-	-	35,480

इस योजना के तहत प्रशिक्षण पाने वाले 35,480 व्यक्तियों में से 90 प्रशिक्षुओं को आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशिक्षण दिया गया।

vii. वरिष्ठ नागरिकों के लिए अन्य पहल: स्वस्थ और उत्पादक वृद्धावस्था के लिए, पूरे देश में कई पहलें लागू की गई हैं।

(ग): पिछले तीन वर्षों में पूरे देश में, जिसमें आंध्र प्रदेश राज्य भी शामिल है, एवीवाईएवाई योजना के तहत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का विवरण इस प्रकार है:

वर्ष	अटल वयो अभ्युदय योजना	
	आवंटित निधियां (करोड़ में)	वास्तविक व्यय (करोड़ में)
2022–23	262.33	239.87
2023–24	324.45	210.48
2024–25	413.77	408.14

एवीवाईएवाई, योजना के दो घटक अर्थात् एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम और वरिष्ठ नागरिक राज्य कार्य योजना के तहत राज्य-वार निधियां जारी की जाती है। पिछले तीन वर्षो के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सहित एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम और वरिष्ठ नागरिक राज्य कार्य योजना घटक के तहत राज्य-वार जारी की गई निधियां **संलग्नक-II** में दी गई हैं।

(घ): आंध्र प्रदेश राज्य में एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम घटक के तहत वरिष्ठ नागरिक गृह और मोबाइल मेडिकेयर यूनिट्स को लागू करने वाले एनजीओ की सूची **संलग्नक-III** में है।

(ड.) और (च): विभाग पूरे देश में एवीवाईएवाई योजना को उचित रूप से लागू करने के लिए नियमित रूप से उपाय करता है। इस संबंध में निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:-

1. जागरूकता पैदा करना: विभाग इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई प्लेटफॉर्म का उपयोग करता है, जिसमें मंत्रालय की वेबसाइट, ई-अनुदान पोर्टल, सोशल मीडिया चैनल, क्षेत्रीय सम्मेलन और रेडियो चैनल शामिल हैं।

2. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के साथ सहयोग: विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ सहयोग करता है कि योजनाओं को जिला/क्षेत्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं।

3. क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण: इस विभाग के तहत, क्षेत्रीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र (आरआरटीसी) डिजिटल, वित्तीय, सामाजिक सशक्तिकरण, जागरूकता फैलाने आदि पर अनके कार्यशालाएं और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण आयोजित करता है। आरआरटीसी को वरिष्ठ नागरिक गृहों की कार्यक्षमता बढ़ाने का कार्य भी सौंपा गया है। विभाग के एक

स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) का एक कार्य वृद्धजनों की देखभाल के क्षेत्र में जानकारी को बड़े पैमाने पर फैलाना है।

4. नियमित निगरानी और मूल्यांकन: विभाग ने एवीवाईएवाई योजना की निगरानी के लिए एक परियोजना निगरानी इकाई (पीएमयू) स्थापित की है। एवीवाईएवाई योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए नियमित मूल्यांकन/तृतीय पक्ष मूल्यांकन किए जाते हैं।

संलग्नक-I

लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1567 जिसका उत्तर 09.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक-I

आंध्र प्रदेश में एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम के तहत जिलावार परियोजनाओं की संख्या

क्र.सं.	जिला	कुल
1	अनकापल्ली	1
2	अनंतपुर	3
3	अन्नामय	1
4	अन्नामय्या	1
5	बापटला	2
6	चित्तूर	19
7	कडप्पा	1
8	ईस्ट गोदावरी	2
9	गुंटूर	11
10	काकीनाडा	1
11	कृष्णा	1
12	कुरनूल	4
13	नंदयाल	1
14	नेल्लोर	14
15	एनटीआर	1
16	पलनाडू	1
17	प्रकाशम	17
18	श्री सत्य साईं	1
19	तिरुपति	5
20	विशाखापत्तनम	1
21	विजयनगरम	1
22	पश्चिम गोदावरी	1
23	वाईएसआर	3
	कुल	**93**

संलग्नक-II

लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1567, जिसका उत्तर 09.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक

पिछले तीन वर्षों के दौरान एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम के तहत जारी की गई निधि (लाख में) और कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या का राज्य-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2022-23		2023-24		2024-25	
		जारी की गई निधि	लाभार्थियों की संख्या	जारी की गई निधि	लाभार्थियों की संख्या	जारी की गई निधि	लाभार्थियों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	1058.69	25850	1663.32	22900	1764.34	23200
2	बिहार	0	0	36.64	400	98.21	350
3	छत्तीसगढ	27.36	50	118.61	225	140.85	325
4	गोवा	0	0	0	0	0	0
5	गुजरात	53.57	175	106.61	425	123.17	275
6	हरियाणा	169.86	925	244.1	1700	168.2	1625
7	हिमाचल प्रदेश	11.58	25	26.54	75	46.5	100
8	झारखंड	48.86	150	84.89	250	93.61	300
9	कर्नाटक	641.99	920	943.17	2340	1059.21	2415
10	केरल	8.75	50	41.5	200	21.41	75
11	मध्य प्रदेश	152.62	375	261.3	750	292.34	675
12	महाराष्ट्र	527.39	5835	963.3	12160	991.76	11670
13	ओडिशा	1090.01	7350	1649.53	14550	2109.16	19850
14	पंजाब	4.83	600	0	0	0	0
15	राजस्थान	121.95	375	355.49	975	194.46	600
16	तमिलनाडु	1089.23	16795	1563.32	32940	1636.25	33715

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2022-23		2023-24		2024-25	
		जारी की गई निधि	लाभार्थियों की संख्या	जारी की गई निधि	लाभार्थियों की संख्या	जारी की गई निधि	लाभार्थियों की संख्या
17	तेलंगाना	166.71	350	509.27	15550	527.08	10875
18	उत्तर प्रदेश	623.66	1295	797.25	2290	875.96	2215
19	उत्तराखंड	23.41	50	35.7	100	24.02	75
20	पश्चिम बंगाल	332.8	10100	720.87	20900	395.54	5875
21	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	0
22	चंडीगढ़	0	0	0	0	0	0
23	दादरा नगर हवेली और दमन और दीव	0	0	0	0	0	0
24	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0
25	दिल्ली	47.25	125	74.6	200	72	200
26	पुदुच्चेरी	33.96	100	69.67	200	36.46	100
27	अरुणाचल प्रदेश	0	0	8.25	50	0	0
28	असम	609.32	15475	710.05	25690	769.9	20865
29	जम्मू और कश्मीर	0	0	56.57	650	25.54	200
30	लद्दाख	0	0	0	0	0	0
31	मणिपुर	349.37	700	772.55	1975	968.94	16425
32	मेघालय	0	0	0	0	0	0
33	मिजोरम	0	0	0	0	3.35	0
34	नागालैंड	20.77	50	52.6	275	61.85	325
35	सिक्किम	0	0	0	0	0	0
36	त्रिपुरा	17.44	25	29.91	50	42.66	100
	कुल	**7231.38**	**87745**	**11895.61**	**157820**	**12542.77**	**152430**

वरिष्ठ नागरिक राज्य कार्य योजना के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान जारी की गई निधियां का राज्य-वार विवरण

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र	2022-23	2023-24	2024-25
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	-	-	-
2	आंध्र प्रदेश	-	0.74	1.02
3	अरुणाचल प्रदेश	-	-	-
4	असम	-	7.79	-
5	बिहार	7.58	-	3.525
6	चंडीगढ़	-	-	-
7	छत्तीसगढ	-	1.55	0.05
8	दादरा नगर हवेली और दमन और दीव	-	-	0.1042
9	गोवा	-	-	0.075
10	गुजरात	-	-	-
11	हरियाणा	-	-	-
12	हिमाचल प्रदेश	-	-	0.22055
13	जम्मू कश्मीर	1.50	-	0.05
14	झारखंड	-	-	0.83505
15	कर्नाटक	-	-	1.52265
16	केरल	-	0.56	0.345
17	लक्षद्वीप	-	-	-
18	लद्दाख	-	0.08	0.05
19	मध्य प्रदेश	-	1.30	1.7483
20	महाराष्ट्र	-	-	-
21	मणिपुर	0.96	3.83	-
22	मेघालय	-	-	-
23	मिजोरम	-	-	-
24	नागालैंड	0.82	1.23	0.775
25	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	-	-	-

26	ओडिशा	-	0.18	1.2642
27	पुदुचेरी	-		
28	पंजाब	-	-	
29	राजस्थान	-	-	0.26
30	सिक्किम	0.88	-	0.275
31	तमिलनाडु	-	0.15	-
32	तेलंगाना	-	3.78	0.28745
33	त्रिपुरा	-	-	0.0948
34	उत्तर प्रदेश	-	-	1.50
35	उत्तराखंड	-	-	0.10
36	पश्चिम बंगाल	-	-	2.81
कुल		**11.74**	**21.19**	**16.91**

संलग्नक-III

लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1567, जिसका उत्तर 09.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक।

आंध्र प्रदेश राज्य में वरिष्ठ नागरिक गृह और मोबाइल मेडिकेयर यूनिट लागू करने वाले एनजीओ की सूची

क्र.सं.	जिला	एनजीओ का नाम	परियोजना प्रकार
1	अनकापल्ली	पावनी सोसाइटी फॉर द मल्टीपल हैंडीकैप्ड एंड स्पैस्टिक्स	वरिष्ठ नागरिक गृह
2	अनंतपुर	रूपा एजुकेशनल सोसाइटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
3	अनंतपुर	श्री वेंकटेश्वर कॉन्वेंट एजुकेशनल सोसाइटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
4	अनंतपुर	श्री राकेश एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
5	अन्नमय	सर्वोदय महिला कल्याण सोसाइटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
6	अन्नमय्या	अर्चना विज्ञान एजुकेशनल रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
7	बापतला	इन्फेंट वेलफेयर सोसाइटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
8	बापतला	स्फूर्ति वेलफेयर सोसाइटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
9	चित्तूर	मदर इंडिया सामुदायिक विकास संघ	वरिष्ठ नागरिक गृह
10	चित्तूर	मदर इंडिया सामुदायिक विकास संघ	वरिष्ठ नागरिक गृह
11	चित्तूर	पीपल्स एक्शन फॉर सोसल सर्विस	वरिष्ठ नागरिक गृह
12	चित्तूर	पीपल्स एक्शन फॉर सोसल सर्विस	वरिष्ठ नागरिक गृह
13	चित्तूर	पीपल्स एक्शन फॉर सोसल सर्विस	मोबाइल मेडिकेयर यूनिट
14	चित्तूर	राष्ट्रीय सेवा समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
15	चित्तूर	राष्ट्रीय सेवा समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
16	चित्तूर	राष्ट्रीय सेवा समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
17	चित्तूर	राष्ट्रीय सेवा समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
18	चित्तूर	राष्ट्रीय सेवा समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
19	चित्तूर	राष्ट्रीय सेवा समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
20	चित्तूर	राष्ट्रीय सेवा समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
21	चित्तूर	राष्ट्रीय सेवा समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
22	चित्तूर	राष्ट्रीय सेवा समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
23	चित्तूर	राष्ट्रीय सेवा समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
24	चित्तूर	सर्वोदय महिला कल्याण समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
25	चित्तूर	सर्वोदय महिला कल्याण समिति,	वरिष्ठ नागरिक गृह
26	चित्तूर	सेवा	वरिष्ठ नागरिक गृह
27	चित्तूर	वेलुगु	वरिष्ठ नागरिक गृह
28	कडप्पा	पद्मावती महिला मंडलिल	वरिष्ठ नागरिक गृह

क्र.सं.	जिला	एनजीओ का नाम	परियोजना प्रकार
29	पूर्वी गोदावरी	पुष्करा माथा कॉन्वेंट कमेटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
30	पूर्वी गोदावरी	संजय गांधी मेमोरियल अनाथालय बोर्डिंग होम	वरिष्ठ नागरिक गृह
31	गुंटूर	इंदिरा मेमोरियल कमजोर वर्ग विकास सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
32	गुंटूर	इंदिरा प्रियदर्शिनी गिरिजना पिछड़ा वर्ग महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
33	गुंटूर	कन्द्रिका महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
34	गुंटूर	कोठापेटा महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
35	गुंटूर	नरसरावपेट तालुका अनुसूचित जनजाति युवा क्लब	वरिष्ठ नागरिक गृह
36	गुंटूर	नवीना आदर्शस्या महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
37	गुंटूर	ओंकार ग्रामीण विकास सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
38	गुंटूर	प्रगति युवा संगम	वरिष्ठ नागरिक गृह
39	गुंटूर	सोनिया गांधी हरिजन गिरिजाना बलहीना वर्गमूला महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
40	गुंटूर	श्री वेंकटेश्वर महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
41	गुंटूर	उदयश्री महिला समागम	वरिष्ठ नागरिक गृह
42	काकीनाडा	स्वाति महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
43	कृष्णा	वरिष्ठ नागरिक मंच	वरिष्ठ नागरिक गृह
44	कुरनूल	एमएन ग्रामीण और शहरी विकास सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
45	कुरनूल	प्रतिभा एजुकेशनल सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
46	कुरनूल	प्रियदर्शिनी महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
47	कुरनूल	ग्रामीण आदिवासी विकास सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
48	नंदयाल	मिस्पा ओल्ड एज होम एजुकेशनल एंड रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
49	नेल्लोर	आर्य दयानंद महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
50	नेल्लोर	अस्थाना-ए-चिश्तिया महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
51	नेल्लोर	अस्थाना-ए-चिश्तिया महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
52	नेल्लोर	भारती महिला स्वैच्छिक सेवा संगठन।	वरिष्ठ नागरिक गृह
53	नेल्लोर	हरिता महिला मंडली सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
54	नेल्लोर	स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक कल्याण सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
55	नेल्लोर	इन्दिरम्मा महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
56	नेल्लोर	इन्दिरम्मा महिला मंडली	मोबाइल मेडिकेयर यूनिट
57	नेल्लोर	लक्ष्मी महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
58	नेल्लोर	नेहरू भारती शैक्षणिक संस्थान	वरिष्ठ नागरिक गृह
59	नेल्लोर	पॉलिमर एजुकेशनल सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
60	नेल्लोर	पॉलिमर एजुकेशनल सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
61	नेल्लोर	श्री लक्ष्मी पार्वती महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह

क्र.सं.	जिला	एनजीओ का नाम	परियोजना प्रकार
62	नेल्लोर	डिवाइन इंडिया	वरिष्ठ नागरिक गृह
63	एनटीआर	स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक कल्याण सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
64	पालनाडु	हैंड्स ऑफ कंपेसन	वरिष्ठ नागरिक गृह
65	प्रकाशम	आदर्श	वरिष्ठ नागरिक गृह
66	प्रकाशम	अरुणोदय महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
67	प्रकाशम	चंद्र वम्सा आर्गनाइजेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट	वरिष्ठ नागरिक गृह
68	प्रकाशम	इंदिरा प्रियदर्शिनी महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
69	प्रकाशम	लक्ष्मी महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
70	प्रकाशम	महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
71	प्रकाशम	नेता जी युवा केंद्र	वरिष्ठ नागरिक गृह
72	प्रकाशम	प्रियदर्शनी महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
73	प्रकाशम	श्री मेन अकादमी	वरिष्ठ नागरिक गृह
74	प्रकाशम	समता महिला वेदिका	वरिष्ठ नागरिक गृह
75	प्रकाशम	श्री महालक्ष्मी महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
76	प्रकाशम	श्री भवानी महिला मंडली	वरिष्ठ नागरिक गृह
77	प्रकाशम	श्री कस्तजीवुला जाथेय सेवा संघम	वरिष्ठ नागरिक गृह
78	प्रकाशम	तीन पुरुष शिक्षाविद्	वरिष्ठ नागरिक गृह
79	प्रकाशम	वाल्मिकी सेवा संघम,	वरिष्ठ नागरिक गृह
80	प्रकाशम	वासवी एजुकेशनल सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
81	प्रकाशम	वुटुकुरी वेंकट सुब्बाम्मा वेलफेयर सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
82	श्री सत्य साईं	श्री तुलसीधामं वृद्धाश्रमम्	वरिष्ठ नागरिक गृह
83	तिरुपति	गिविंग हैंड्स फाउंडेशन	वरिष्ठ नागरिक गृह
84	तिरुपति	रस्त्र कवुला कलाकरुला वृद्धाश्रमम्	वरिष्ठ नागरिक गृह
85	तिरुपति	रस्त्र कवुला कलाकरुला वृद्धाश्रमम्	वरिष्ठ नागरिक गृह
86	तिरुपति	सर्वोदय महिला कल्याण समिति	वरिष्ठ नागरिक गृह
87	तिरुपति	स्वयंकृषि ग्रामीण एवं शहरी विकास सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
88	विशाखापत्तनम	श्री वेंकटेश्वर युवजन संघम	वरिष्ठ नागरिक गृह
89	विजयनगरम	अवार्ड्स युवाटेक आथराइज्ड कम्प्यूटर सेंटर	वरिष्ठ नागरिक गृह
90	पश्चिम गोदावरी	श्री सचिदानंद वेंकटेश्वर एवीडी वरुद्ध, पश्चिम गोदावरी,	वरिष्ठ नागरिक गृह
91	वाईएसआर	डॉ. अम्बेडकर दलितवर्ग अभिवृद्धि संगम	वरिष्ठ नागरिक गृह
92	वाईएसआर	लॉरेंस वीकर सेक्शन वेलफेयर सोसायटी	वरिष्ठ नागरिक गृह
93	वाईएसआर	लीलावती चैरिटेबल ट्रस्ट	वरिष्ठ नागरिक गृह

*****